## जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

## मासिक आख्या–दिसम्बर, 2018

संख्या– 655 /तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या                                   दिनांक 06 दिसम्बर 2018

**यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान ओजरी(डबरकोट) में भूस्खलन क्षेत्र के पास सुचारू यातायात** संचालन हेतु प्रस्तावित उपचारात्मक कार्यो एवं वैकल्पिक मार्ग के सम्बन्ध में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण अन्तर्गत दिनांक 01.12.2018 को अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गयी है। बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को अवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत कर उक्त क्षेत्र का अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0 बडकोट, पी0एम0जी0एस0वाई लो0नि0वि0 एवं भूवैज्ञानिक से संयुक्त निरीक्षण किये जाने तथा ड्रोन कैमरा से भी लूज रॉक आदि सर्वेक्षण करवाये जाने के निर्देश दिये गये।




**दिनांक 03.12.2018 को अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड बडकोट, अधिशासी** अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 पुरोला, अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 बडकोट, समन्वयक आपदा प्रबन्धन एवं भू–वैज्ञानिकों से भूस्खलन का सर्वेक्षण किया गया है तथा ड्रोन कैमरा से वीडियों रिकार्डिंग की गयी।

**विगत वर्षो में समय–समय पर जनपद के दूरस्थ तहसील मोरी/पुरोला अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों** में भीषण आगजनी की घटनाओं के रोक–थाम हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक अग्निशमन उपकरण उपलब्ध कराये जाने एवं ग्रामीणों को जागरूक किये जाने के लिये दिनांक 05.12.2018 को अपराहन 11:30 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद आपदा प्रबन्धन की बैठक आहूत की गयी।

**दिपांक 07.12.2018 को दोपहर 1:55 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धराली से 04** किमी0आगे गंगोत्री की तरफ एक आल्टो कार वाहन सं0 यू0ए0 07 ए0 0840 अनियंत्रित होकर लगभग 50 मीटर खाई में दुर्घटनाग्रास्त हुई आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस, एस.डी.आर.एफ से तत्काल समन्वय कर रेस्क्यू कार्य करवाया गया। घटना में 01 व्यक्ति घटना स्थल पर ही मृत्यु तथा 02 व्यक्ति घायल हुये जिन्हे प्राथमिक उपचार हेतु हर्षिल में उपचार हेतु भर्ती किया गया।

**<u>शीतलहरी एवं बर्फवारी से बचाव सम्बन्धित सावधानियों के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा</u>** जारी किये गये DO's nad donts सम्बन्धी दिशा–निर्देशों से आम जनमानस को उक्तानुसार शीतलहरी एवं बर्फबारी से बचाव हेतु जागरूक किया गया। शीतलहरी से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यक रूप से अलाव जलाये जा रहें तथा जरूरत मन्दों को कम्बल आदि वितरित किये गये।

**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बनिधतों से समन्वय/निगरानी कर प्रतिदिन सार्वजनिक स्थलों** पर तहसीलदार, राजस्व उप निरीक्षण एवं नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के सहयोग से अलाव जलाये जा रहें है।



जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी।

जनपद उत्तरकाशी के तहसील क्षेत्रान्तर्गत माह– दिसम्बर, 2018 में जलाये गये अलाव का विवरण।

| क्र.सं. | तहसील / उप तहसील का नाम | दिनांक | अलाव जलाये गये स्थल |
|---|---|---|---|
| 01 | जिला मुख्यालय | 20.12.2018 | भैरवचौक, विश्वनाथ चौक, हनुमान चौक, बस स्टैण्ड, तिलोथ पुल। |
| 02 | भटवाड़ी | | – |
| 03 | डुण्डा | | डुण्डा बाजार बीरपुर धरासू बैण्ड, ब्रह्मखाल। |
| 04 | चिन्यालीसौड़ | | नागणी, जोगत रोड़ चिन्यालीसौड़, नागणी तथा बड़ेथी, बनचौरा। |
| 05 | बड़कोट | | बस स्टैण्ड बड़कोट, तहसील कार्यालय, लक्ष्मी नारायण मन्दिर, पुराने बाजार में इन्टर कॉलेज। |
| 06 | नौगांव | | नौगांव मुख्य बाजार बस स्टैण्ड, बाजार चौराहे पर, निकट एस0बी0आई0 बड़कोट रोड़। |
| 07 | पुरोला | | बाजार बस स्टैण्ड पुरोला, मोरी रोड नेगी टॉवर, कुमोला रोड सिंचाई विभाग। |
| 08 | मोरी | | मोरी बैरियर, मैन बाजार मोरी। |
| 09 | जोशियाड़ा | | जोशियाड़ा झूलापुल, गंगोरी मार्ग। |
| 10 | धौन्तरी | | धौन्तरी बाजार। |

ड्यूटी प्रभारी,
जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी।











**<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा वर्षा होने तथा ऊँचाई वाले क्षेत्र में बर्फवारी से</u> यातायात मार्ग** भूस्खलन/मलवा आने के साथ–साथ बर्फवारी से अवरूद्ध होने की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत यातायात मार्गो के संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मशीनरी (जेसीबी/पोकलैण्ड/डोजर आदि) तथा मजदूरों की तैनाती करवायी गयी है। तथा बर्फवारी/पाला पड़ने वाले स्थानों पर आवश्यक मात्रा में चूना आदि की व्यवस्था की गयी है।







दिनांक 14.12.2018 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के वट्सएप ग्रुप पर प्रेषित सूचना के अनुसार तहसील मोरी अन्तर्गत जखोल–फिताडी मोटर मार्ग के किमी0 01 के पास पी0एम0जी0एस0वाई0 की पोकलेण्ड मशीन फंसने से मार्ग बाधित हुआ। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा शीघ्र सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग यातायात हेतु सुचारू करवाया गया।



दिनांक 25.12.2018 को सांय लगभग 03:00 बजे तहसील बडकोट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ग्राम भटिया(हाल निवास नौगांव ) का एक बालक यमुना नदी के किनारे खेलते समय पैर फिसला और वह यमुना मे गिर कर नदी मे डूब से मृत्यु हुयी। सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित खोज–बचाव टीम को सूचित किया गया। बच्चे का रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र नौगांव में पहुँचाया गया।









**दिनांक 26.12.2018 को चकोन फोल्ड के बीच में रात्री के समय एक डम्फर गिरने की सूचना प्राप्त होते ही** आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तहसीलदार, नायब तहसीलदार डुण्डा, राजस्व उपनिरीक्षक, पुलिस को सूचना से अवगत कराते हुये शीघ्र रेस्क्यू टीम मौके के लिये रवाना की गयी। घटना में दो व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी ।

**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा दुर्घटनाओं पर अंकुश लागाये जाने हेतु गंगोत्री** राष्ट्रीय राजमार्ग के संवेदनशील स्थानों भटवाडी डुण्डा नालूपानी आदि क्षेत्र में रेडियम बोर्ड एवं फ्लेक्स बोर्ड लगवाये गये है।















**<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा विजन 2020 के अन्तर्गत जनपद में महिला एवं</u> युवक मंगल दलों को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण दिये जाने हेतु दिनांक 18.12.2018 को जनपद स्तर पर गठित समिति की बैठक आहूत की गयी।**
जनपद के युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों को शासन द्वारा दिये गये निर्देशों व लक्ष्यों के तहत विकास खण्ड क्रमशः भटवाडी, नौगांव में जनपद स्तर पर एस0डी0आर0एफ0 से तथा विकास खण्ड डुण्ड, चिन्यालीसौड, पुरोला एवं मोरी में 20–20 प्रशिक्षण कार्यक्रम (कुल 80 प्रशिक्षण कार्यक्रम) चयनित स्वयंसेवी संस्थाओं से करवाये जाने की कार्यवाही गतिमान है।

**<u>सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं दुर्घटना की स्थिति में त्वरित गति से खोज–बचाव कार्यो हेतु</u>** सभी थाना/चौकियों आदि में आवश्यक खोज–बचाव उपलकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु पुलिस, राजस्व एवं अग्निशमन विभाग से आवश्यक खोज–बचाव एवं प्रकाश उपकरणों/सामग्री आदि की मांग प्राप्त कर पत्रावली के एस0डी0आर0एफ0 की गाईडलाइन्स के मानकानुसार राज्य आपदा मोचन निधि से क्रय की कार्यवाही गतिमान है।

<u>जनपद की विषम भौगौलिक परिस्थितिकि एवं दुर्घटना के समय तत्काल राहत–बचाव कार्यो,</u> निर्धारित रिस्पॉस टाईम अन्तर्गत कार्य पूर्ण किये जाने, जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में बेहतर प्रबन्धन हेतु डाटा के विश्लेषण एवं सरंक्षित किये जाने के लिये कॉल सेन्टर की तर्ज आधुनीकरण किये जाने हेतु की कार्यवाही गतिमान है।

<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद की विकट भौगोलिक परिस्थितियों एवं</u> प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील होने के कारण आपदा की स्थिति में सुदूवर्ती क्षेत्रों में संचार व्यवस्था तथा जनपद के ट्रैक रूटों पर ट्रैकरों के फंसने व गंगोत्री/यमुनोत्री धामों में संचार सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर आवश्यक व्यवस्था किये जाने/सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु निम्न विवरणानुसार ग्लोबल सैटेलाईट फोन (GSPS) क्रय कर उपलब्ध कराये गये है।

| **क्रं.सं.** | **उपलब्ध कराये जा रहें अधिकारी का विवरण** | **ग्लोबल सैटेलाईट फोन सर्विस (GSPS) का विवरण** |
|---|---|---|
| 1 | प्रभागीय वनाधिकारी,<br>उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी | Satellite Phone Number- **+91 8991117707**<br>IMEI Number - 353032044158224<br>BSNL Sim No- 8991547048453105698 |
| 2 | प्रभागीय वनाधिकारी,<br>अपर यमुना वन प्रभाग, बडकोट | Satellite Phone Number- **+918991117708**<br>IMEI Number - 353032044158166<br>BSNL Sim No- 8991547048453105699 |
| 3 | प्रभागीय वनाधिकारी,<br>टोंस वन प्रभाग, पुरोला | Satellite Phone Number- **+918991117705**<br>IMEI Number - 353032044158513<br>BSNL Sim No- 8991547048453105696 |
| 4 | उप निदेशक,<br>गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी। | Satellite Phone Number- **+918991117706**<br>IMEI Number - 353032044157903<br>BSNL Sim No- 8991547048453105697 |


**<u>जनपद उत्तरकाशी के तहसील मोरी, पुरोला एवं बडकोट के कतिपय दूरस्थ क्षेत्रों में संचार</u>** सेवा उपलब्ध न होने के कारण ग्रामवासियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। किसी भी आपदा की घटना की स्थिति में उक्त ग्रामों में संचार का माध्यम न होने से राहत कार्यो में प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उक्त ग्रामों में आपदा की स्थिति में सूचनाओं के आदान–प्रदान कर त्वरित गति से सहायता उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारियों के मांग के अनुसार 09 ग्लोबल सैटेलाईट फोन (GSPS) क्रय कर उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही गतिमान है।

**<u>Training of Master Trainers on Climate Change and disaster Risk Reduction and Climate Finance "</u>** प्रशिक्षण क्रमशः दिनांक 17 से 19 दिसम्बर, 2018 को TOT, Disaster Mamagement तथा दिनांक 21 से 22 दिसम्बर, 2018 के मध्य Trainers on Climate Finance विषय पर डॉ रघुन्नदन सिंह टोलिया, उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में समन्वयक,एस0आर0डी0आर0 परियोजना, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, <u>उत्तरकाशी</u> द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**<u>तहसील मोरी, पुरोल के दूरस्थ ग्रामवासियों को आवासीय भवनों में लकड़ी/घास व अन्य ज्वलनशील सामग्री नहीं रखने,</u>** रात को सोते समय चूल्हे को सही तरीके से बुझाने व स्वयं के संसाधनों से अपने भवनों की सुरक्षा हेतु अग्निशमन उपकरण क्रय किये जाने के सम्बन्ध में शपथ दिलवाते हुये प्रशिक्षण/जागरूकता के द्वारा आग की घटनाओं के रोक–थाम हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

<u>तहसील मोरी के ग्राम ओसल में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम वासियों को घरेलू आगजनी की</u> घटना के रोकथाम हेतु जागरूक किया गया तथा ग्राम पंचायत को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से 03 ए0बी0सी0 06 किलोग्राम के अग्निशमन उपकरण उपलब्ध कराये गये।





<u>तहसील बड़कोट/पुरोला/मोरी में शीतकाल में घरों में आगजनी की घटनाओं के दृष्टिगत</u> चारा/लकड़ी भण्डार कक्ष बनाये जाने की कार्यवाही गतिमान है। ग्राम में पारदर्शी रूप से लाभार्थियों के चयन हेतु समिति का गठन किया गया है। दिनांक 05.12.2018 में उक्त के सम्बन्ध में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक आहूत कर जिलाधिकारी महोदय द्वारा आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये।



<u>जनपद अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर सर्वऋतु परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कम्पनियों</u> द्वारा निर्माण कार्य गतिमान है, जिसमें अधिक संख्या मजदूरों द्वारा कार्य करवाया जा रहा है, जिनकी सुरक्षा भी सम्बन्धित निर्माणदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद आपदा प्रबन्ध की बैठक आहूत कर सम्बन्धित निर्माणदायी संस्था द्वारा मजदूरों की सुरक्षा व उनकों उपलब्ध करायी जा रही सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान गंगोरी के</u> पास स्थिति वैलीब्रज की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त स्थान पर अस्सीगंगा नदीं में वैकल्पिक मार्ग निर्माण करवाया गया है। उक्त पर नियंत्रित यातायात संचालित किये किया जा रहा है।

<u>वनाग्निकाल-2019 के पूर्व तैयारी के दृष्टिगत जिला स्तरीय कार्यशाला का अयोजन किया</u> गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यशाला में वन विभाग के समस्त प्रभागों को वनाग्नि की पूर्व तैयारी के दृष्टिगत वनाग्नि रोकथाम हेतु शीघ्र कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये। वनों में कन्ट्रोल बर्निंग की कार्यवाही, उपयोगी उपकरणों की मरम्मत एवं अतिरिक्त उपकरण क्रय किये जाने तथा प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये।



**राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के सहयोग से जनपद में संचालित कार्यक्रम Sustainable** Reduction in Disaster Risk परियोजना अन्तर्गत मार्गदर्शिका के गतिविधि के अनुसार ग्रामों में गठित आपदा प्रबन्धन टीमों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु 02 दिवसीय आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण एवं मॉक अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्डवार 600 ग्राम पंचायतों में गतिमान है।









इसके अतिरिक्त समय–समय पर अन्य बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।